दैनिक भास्कर
31.10.12

पीजीआई के डॉ. रमेश सेन को मिला ओएएससी अवॉर्ड

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पीजीआई में ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के प्रो. रमेश सेन को दूसरे ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ऑफ सार्क कंट्रीज (ओएएससी) ऑरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह अवॉर्ड उन्हें कोलंबो में हुई कांफ्रेंस के दौरान एवास्कुलर नेक्रोसिस ऑफ हिप जॉइंट (एवीएन) के बेहतर इलाज करने के लिए दिया गया। यह अवॉर्ड हर दो साल बाद सार्क देशों के आर्थोपेडिक सर्जनों को एकेडमिक एक्सीलेंस और साइंस के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए दिया जाता है। डॉ. सेन ने एवीएन हिप डिजीज की मैनेजमेंट पर काम किया। यह बीमारी युवाओं को प्रभावित करती है। ज्यादा शराब पीने और स्टेरॉयड खाने के कारण होती है। बॉडी बिल्डिंग करने वाले कई युवाओं को भी यह बीमारी घेर लेती है। पीजीआई सार्क देशों में अकेला इंस्टीट्यूट है, जहां स्टेम सेल थेरेपी से इस बीमारी का इलाज होता है। डॉ. रमेश कुमार सेन ऑर्थोपेडिक सर्जरी में पीएचडी हैं। डॉ. सेन को इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की तरफ से हाल ही में पहला गोल्डन जुबली ओरेशन अवॉर्ड मिला था।

दैनिक जागरण
31.10.12

पीजीआइ के डा. सेन को ओएएसएसी ओरेशन अवार्ड

चंडीगढ़ : पीजीआइ में आर्थोपेडिक विभाग के प्रो. रमेश कुमार सेन को दूसरे (ओयसेक) ओएएसएसी ओरेशन अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड उन्हें कोलंबो में हुई कांफ्रेंस के दौरान एवास्कुलर नेक्रोसिस आफ हिप ज्वाइंट (एवीएन) के लिए दिया गया। यह अवार्ड हर दो साल बाद सार्क देशों के आर्थोपेडिक सर्जनों को एकेडमिक एक्सीलेंस और साइंस के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए दिया जाता है। डा. सेन ने एवीएन हिप डिजीज की मैनेजमेंट पर जबरदस्त काम किया। अकसर यह बीमारी युवाओं को प्रभावित करती है और ज्यादा शराब और स्टीरॉयड खाने की वजह से होती है। बॉडी बिल्डिंग करने वाले कई युवाओं को भी यह बीमारी घेर लेती है। पीजीआइ सार्क देशों में अकेला इंस्टीट्यूट है जहां इस बीमारी का इलाज होता है। स्टेम सेल थेरेपी से इसका इलाज होता है। डा. रमेश कुमार सेन आर्थोपेडिक सर्जरी में पीएचडी हैं और उन्हें बेहतरीन सर्जिकल तजुर्बा है। डा.सेन को इंडियन आर्थोपेडिक एसोसिएशन की तरफ से हाल ही में पहला गोल्डन जुबली ओरेशन अवार्ड मिला था। CJ

पंजाब केसरी
31.10.12

आर्थोपैडिक सर्जन डा. राकेश ओरेशियन अवार्ड से सम्मानित

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर (सुशील) : पी.जी.आई. के आर्थोपैडिक विभाग के वरिष्ठ प्रोफैसर एवं सर्जन डा. राकेश कुमार कोलम्बिया में शार्क देशों की बैनीनियल कांफ्रैंस आर्थोपैडिक सर्जन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दूसरे ओशाक ओरेशियन अवार्ड से सम्मानित किए हैं। उन्हें यह सम्मान आवास कूलर निक्रोसिया हिप ज्वाइंट के इलाज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया है।